**07/07**/202**5**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी देश को अपने स्वार्थ के लिए महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं को हथियार नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी में अधिक सहयोग के अलावा, आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित और लचीला बनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने रियो डी जेनेरो में 'बहुपक्षवाद, आर्थिक-वित्तीय मामलों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को मजबूत बनाने' पर आउटरीच सत्र में भाग लेते हुए यह बात कही।

0000000000000000000000

भारत ने कहा है कि ब्रिक्स नेताओं के घोषणापत्र में वैश्विक दक्षिण की अधिकांश चिंताओं को समाहित किया गया है। रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के पहले दिन के समापन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश मंत्रालय में आर्थिक संबंध सचिव दम्मू रवि ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने बहुपक्षीय वैश्विक संगठनों में सुधार की आवश्यकता को दृढ़ता से व्यक्त किया। सचिव दम्मू रवि ने यह भी कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले की सभी देशों द्वारा सर्वसम्मति से कड़े शब्दों में निंदा करना शिखर सम्मेलन का एक और मुख्य आकर्षण था।

0000000000000000000000

राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री न्यातो दुकाम ने आज घोषणा की है कि, राज्य सरकार गलत सूचना को रोकने और जिम्मेदार पत्रकारिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मीडिया प्लेटफॉर्म पर सामग्री को विनियमित करने के लिए तैयार है। ईटानगर में एक अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, **द अरुण खबर** के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि सभी व्यक्तिगत मीडिया की जांच की जाएगी, और विभिन्न चैनलों के माध्यम से गलत सूचना के प्रसार से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार ने पत्रकारों के कल्याण के लिए एक नई नीति तैयार की है, जिसे पहले ही कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। इस कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक गिजुम ताली और अरुणाचल प्रेस क्लब के अध्यक्ष दोदुम यांगफो सहित कई वरिष्ठ पत्रकार और मीडिया कर्मी शामिल हुए।

0000000000000000000000

आज तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता में तवांग टाउनशिप में सोलिड वैस्ट मैंनेजमेंट के लिए उपयोगकर्ता से शुल्क पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस बैठक में अर्बन वैस्ट मैनेजमेंट सिस्टम में शामिल सभी प्रमुख हितधारकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। सत्र में शहरी विकास विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई कचरा संग्रहण सेवाओं का लाभ उठाने वाले होटल्स, रेस्तरां, सरकारी कार्यालय, स्टाफ क्वार्टस और अन्य कमर्शियल इस्टाब्लिशमेंट से नाममात्र उपयोगकर्ता शुल्क के संग्रह को सुव्यवस्थित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

0000000000000000000000

समन्वय बढ़ाने, प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल को परिष्कृत करने और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस प्रयास के तहत, भारतीय सेना के सैनिकों द्वारा ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट अग्निशमन सेवा विभाग के सहयोग से रायांग सैन्य स्टेशन पर एक संयुक्त अग्नि सुरक्षा अभ्यास का सफ़ल आयोजन किया। यह अभ्यास हाल ही में हुए सैन्य-नागरिक संलयन सेमिनार का प्रत्यक्ष परिणाम था और इसका उद्देश्य एजेंसियों में आपातकालीन तैयारियों को मजबूत करना था। इस पहल ने कई प्रमुख उद्देश्यों को हासिल किया जिसके तहत अंतर-एजेंसी सहयोग को मजबूत किया, आपातकालीन प्रतिक्रिया तत्परता को तेज किया और सैनिकों एवं नागरिकों के बीच सुरक्षा के प्रति सजग संस्कृति को मजबूत किया।

0000000000000000000000

बांबूसा लाइब्रेरी, तेजू द्वारा फोरम ऑफ लाइब्रेरी एक्टिविस्ट्स, मेदो के सयोग से हाल ही में तेजू में संयुक्त रूप से **"फ़न विथ मैथ्स - बियोंड द बूक"** कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में तेजू और आस-पास के 7 स्कूलों के कक्षा 7 से 12 तक के कुल पैतीस छात्रों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 10 जिलों ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, कुरुंग कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, लोअर सियांग, लेपा राडा, नामसाई और चांगलांग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों में गरज़ के साथ बिजली गिरने की सभावना है।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित भारत के घरेलू उपकरणों की क्षमता ने स्वदेशी रक्षा उत्पादों की वैश्विक मांग को बढ़ा दिया है। आज नई दिल्ली में नियंत्रकों के सम्मेलन में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत के रक्षा उद्योगों में अपार संभावनाएं हैं। श्री सिंह ने कहा कि आज अमेरिका और यूरोपीय देशों सहित लगभग सभी प्रमुख देश अपने रक्षा व्यय में तेजी से वृद्धि कर रहे हैं।

0000000000000000000000

आगामी जनगणना के दौरान स्व-गणना के लिए एक विशेष समर्पित वेब पोर्टल उपलब्ध होगा। यह जनगणना-2027 के दोनों चरणों के लिए उपलब्ध होगा। सोशल मीडिया पोस्ट की एक श्रृंखला में, भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त ने कहा कि यह देश में पहली डिजिटल जनगणना होगी, और डेटा अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में मोबाइल ऐप का उपयोग करके एकत्र किया जाएगा।

0000000000000000000000